(ख) यदि हां, तो सरकार की उस पर या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) और (ख). कुछ राज्य सरकारें, कुछ ऋणों की शर्तों आदि में संशोधन करने के लि नमय-समय पर अनुरोध करती रहती हैं । इन अनुरोधों पर, प्रत्येक मामले के गुण-दोष के अनुसार विचार किया जाता है ।

भू-राजस्व

***194. श्री किशन पटनायक :**
श्री मधु लिमये :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री बागड़ी :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कौन-कौन से राज्य साधनों को एकत्रित करने के लिए 1966-67 में भू-राजस्व तथा सिंचाई दरों में वृद्धि करने के सम्बन्ध में सहमत नहीं हुए हैं;

(ख) उन राज्यों ने क्या कारण बताये हैं; और

(ग) साधनों में कमी को पूरा करने के सम्बन्ध में इन राज्यों द्वारा क्या उपाय काम में लाये जा रहे हैं ?

योजना मंत्री (श्री अशोक मेहता) : (क) योजना आयोग से विचार विनिमय के दौरान, आन्ध्र प्रदेश तथा असम सरकारों ने, भू-राजस्व या सिंचाई दरों में वृद्धि करने के लिए कोई निश्चित प्रस्ताव नहीं रखे हैं ।

(ख) आन्ध्र प्रदेश सरकार ने जो कारण बताये हैं वे निम्न प्रकार हैं :—

(1) 1962-63 में भू-राजस्व की दरें काफी बढ़ाई गई । इसके अलावा, गन्ना क्षेत्र की दरें 1955-66 में और बढ़ाई गई;

(2) आन्ध्र प्रदेश में भू-राजस्व की दरें पड़ोसी राज्यों की अपेक्षा सामान्यतया काफी ज्यादा हैं ;

(3) सिंचाई दरों से सम्बन्धित कानून हाल ही में उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किया जा चुका है; और

(4) चालू वर्ष में खराब मौसम के कारण राज्य की फसल पर बुरा प्रभाव पड़ा है ।

जहां तक असम का सम्बन्ध है, राज्य सरकार ने 1966-67 की राज्य योजना के लिए अतिरिक्त साधनों को जुटाने के एक भाग के रूप में जिन कानूनों को बनाया है, उन्हें अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

(ग) प्रेस रिपोर्ट के अनुसार, आन्ध्र प्रदेश सरकार ने अपने 1966-67 के बजट में किसी भी अतिरिक्त कराधान कानून की घोषणा नहीं की है । सूचना मिली है कि राज्य सरकार व्यय में कटौती करना चाहती है, राजस्व संग्रह में सुधार करना चाहती है और प्रतिभूतियों के संचित निधि से धन लेना चाहती है । असम की स्थिति का ज्ञान तब हो सकेगा जब राज्य विधान सभा को राज्य का 1966-67 का बजट प्रस्तुत कर दिया जायेगा ।

Rising Prices of Commodities

***195. Shri S. M. Banerjee:**
Shri Vishwa Nath Pandey:
Shri P. C. Borooah:
Shri Ram Harkh Yadav:
Shri Murli Manohar:

Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) whether the prices of all essential commodities have gone up during December, 1965 and January, 1966;

(b) whether prices are daily going up despite the steps taken by Government; and